Sir, we have more than 600,000 villages in our country and to have a health centre in each and every village, as the Bill proposes, it may not be possible. A cluster of villages comes under a medical health centre, but these health centres are not manned properly. This is a serious problem. Even in smaller cities, leave alone villages, there is a big problem of finding doctors to man these health centres. You can build a hospital spending crores of rupees. It is very difficult to motivate doctors to go and live in those villages or in far-flung areas to man these

hospitals. That really needs to be addressed how to motivate doctors to stay in these villages and serve rural population over there.

Luckily, under the Bharat Nirman Programme, the Government of India is spending a huge amount of money in Pradhanmantri Sarak Yojana which aims to connect all the villages to the cities, and with good road network, people will be able to come to cities, to the smaller cities. If we improve the health care in the smaller cities, people will be able to go there to get better health services. Sir, it is very, very important that we will open smaller AIIMS all over the country. I think that needs to be encouraged, and it is very important to have all those kinds of hospitals all over the country. In a large number of villages, primary health centres are already functioning. But, in many other hospitals, there are no doctors, nurses and helpers and neither do they have proper stocks of medicines.

Another important idea is that there are mobile hospitals in the smaller cities and they can go to the villages once in a week or twice a week, especially to take care of the elderly people and the children who are unable to come to the cities. These kinds of mobile hospitals will be a very good idea, and we would be able to motivate doctors to go to villages on a weekly basis and provide medical care to people at their doorstep.

I would like to suggest that free health insurance may be provided in the villages, particularly to the poor people under the National Health Insurance Scheme. We all know that 'Prevention is better than cure'. On the one hand, we are talking about expensive solutions of providing medical care in each and every village and, at the same time, we are unable to provide them clean drinking water. It is very much important that we provide drinking water to all our villages so that water-borne diseases may not be developed or should be taken care of. Sanitation in the villages needs to be drastically improved. I believe that more than 70 per cent homes in the country do not have toilets. They have to go and defecate in the open which also increases a number of diseases. So, Sir, under the total sanitation programme of the Government - the Government is laying a lot of emphasis -

toilets for each and every household may be developed for the people who are living below the poverty line. Even in this effort, people have to play a very, very active role because a lot of time we, the people, expect that everything can be done by the Government. I guess that is another reason why things take so much time to happen. If people also participate at the village level, we would work on keeping the villages clean, work on providing safe drinking water and work on having toilets for each and every household. I think that will improve the sanitation of the villages drastically, and as a result the health would automatically improve.

Sir, another thing, it was my experience, we got health check-up done for the children in the cities. We tested eyes of 10,000 school-going children. We were able to detect fault in the eyes at an early stage. When you detect a defect at an early stage, you can do something about it. Similarly, in the villages also, we have to be able to detect diseases at an early stage whether it is cancer, whether it is the problem with the eyes or any other problem. So, detection at an early stage and at an early age is very important. We have to lay a lot of emphasis on that.

I think all of us, the whole House, shares its view that for a stronger India, we need healthy population. If there is a healthy population with a healthy mind, then we can only hope for the healthy India, a strong India. For that we have to lay a lot of emphasis on providing good health care to the people. I am sure with the efforts of all the agencies, that is, the NGOs, the Government of India, the State Governments and the sincere efforts of all, we can improve the health care in India. Even now, I feel that a lot of money is spent, but when the kind of facilities that we see in Government run hospitals in smaller cities, one is not very proud to see all that. So, I think, it is everyone's responsibility to see that all those hospitals run properly.

We find a lot of difference in medical facilities that are provided in other countries, if we compare ourselves with them. When we see on television the kind of medical facilities they have in case of a catastrophe or in case of an accident

and the kind of medical facilities that we have when there is a bomb blast or an epidemic or food poisoning, we find a lot of difference in that. The condition that we see in our country, in majority of the hospitals, is appalling. If anyone of us meets with an accident or something happens in a remote place, where are the very facilities or hospitals that we will be taken to? So, it is very important that we need to, in general, improve the quality of health care centres all over the country and we need to lay a lot of emphasis on that.

In conclusion, I again submit that I fully subscribe to the view that health care should be extended in full measure to all the villagers through Government schemes, through NGOs and through people's participation. But we do not necessarily need to amend the Constitution for that. Once again, I say that, in principle, I support the objectives of the Bill, which has been introduced by Shri Reddy, to provide better health care to the population at large, especially in the villages where the real India lives.

Even in my constituency, Kurukshetra, in areas like Yammunanagar, Kaithal, etc. and, हम गांवों में देखते हैं तो हमें पता लगता है कि वहां पर जिस तरह की चिकित्सा की सुविधाएं मिलनी चाहिए, वैसी चिकित्सा सुविधाएं वहां आज भी नहीं मिल रही हैं। इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है, ताकि लोगों को चिकित्सा की सुविधाएं मिल पाएं। यदि लोग स्वस्थ होंगे, तभी हमारा देश स्वस्थ हो सकता है। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना है। अभी जो एक्जिस्टिंग्स हास्पीटल्स हैं, जो हेल्थ केयर सेंटर्स हैं, वहां डाक्टरों की कमी है। दिल्ली के एक सांसद महोदय से मेरी बात हो रही थी, उन्होंने बताया कि दिल्ली के अंदर 300 डाक्टरों की कमी है। जो कमियां हैं, पहले उन्हें हम पूरा करें। जो मेडिकल केयर सेंटर्स बनाए गए हैं, जो रूरल हेल्थ सेंटर्स बनाए गए हैं, उनको

अच्छे ढंग से चलाएं, यदि एक बार ये सब ठीक चल जाएं, तो इसी से बहुत बड़ा परिवर्तन होगा। मैं

यही विश्वास करूंगा कि हम सब मिलकर और हमारे माननीय मंत्री जी, -- the hon. Minister of State -- is also listening to all this and I am sure the Government will further give a lot of attention to improving the state of health care, especially in the villages. हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है। मुझे आशा है कि गांवों के चिकित्सा केंद्रों पर आप ज्यादा ध्यान देंगे, ताकि हमारे देश की जनता और देश के लोग स्वस्थ हो सकें।

मैं आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस अवसर पर बोलने का मौका दिया और आशा करता हूं कि सरकार इस संबंध में ठोस काम करेगी।

MR. CHAIRMAN : Thank you Shri Jindal. It was a well prepared speech.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा में बोलने का अवसर दिया। कुछ कहने के पहले मैं माननीय सदस्य श्री सुधाकर रेड्डी जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने संविधान में संशोधन लाकर, एक महत्वपूर्ण विषय जो पूरे देश की जनता के सामने है, उस पर चर्चा कराने का अवसर दिया। वैसे तो वे खुद भी काफी तंदुरूस्त हैं, लेकिन उनको देश की तंदुरूस्ती के बारे में भी चिंता है, यह अच्छी बात है।

मान्यवर, अगर किसी देश की जनता का स्वास्थ्य अच्छा होता है, तो देश को भी स्वस्थ माना जाता है। किसी अच्छे देश की पहचान यही होती है। हमारे देश में स्वास्थ्य के प्रति बहुत उदासीनता है और जिस प्रकार सभी विभागों तथा

सभी क्षेत्रों में काफी कुछ गड़बड़ियां हैं, उसी प्रकार से स्वास्थ्य सेवाओं में भी काफी गड़बड़ियां हैं।

17.00 hrs.

जबकि और गड़बड़ियां कुछ चलने लायक होती हैं लेकिन स्वास्थ्य की कमियां बहुत घातक होती हैं। अगर बीमारियों की सही पहचान न हो, उनका सही इलाज न हो, सही डायग्नोज न हो, अच्छे डक्टर न हों, सुविधाएं न हों तो आदमी को इन प्राणघातक बीमारियों का देखते-देखते शिकार होना पड़ता है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि हिन्दुस्तान की बहुत बड़ी आबादी गावों में रहती है। हिन्दुस्तान गांवों का देश माना जाता है और गांव के लोगों के लिए आज स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी कमी है। जो प्रस्ताव यहां आया है उसका उद्देश्य यही है कि प्राइमरी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाएं और वे सभी सुविधाएं, आवश्यक सुविधाओं से परिपूर्ण हों। आज गांवों में अस्पताल नहीं हैं। अगर गांवों में अस्पताल हैं तो न डॉक्टर है, न दवाएं हैं और न लोगों को किसी प्रकार की सुविधा है। ज्यादातर लोग अपने जिला केन्द्रों के अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। अगर जिला केन्द्र भी अपने आपको असमर्थ पाते हैं, तो वे मरीजों को मेडिकल क़ॉलेज रैफर करते हैं। कहने का मतलब यह है कि गांवों से सौ-डेढ़ सौ किलोमीटर दूर तक स्वास्थ्य सेवाएं ऐसी नहीं हैं, जहां लोगों को प्राणघातक बीमारियों से बचाया जा सके। बहुत से गांवों में ऐसी स्थिति है कि लोगों को दवा तो क्या चूर्ण भी नहीं मिलता, जिससे लोगों को मामूली बीमारी होने पर अपनी जान तक गंवानी पड़ती है।

अभी पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में मस्तिष्क ज्वर की बीमारी चली थी। मस्तिष्क ज्वर की बीमारी में हजारों बच्चे और आदमी मौत के शिकार हो गए। हमारी जानकारी में आया है कि मस्तिष्क ज्वर की दवाइयां मामूली कीमत में आती हैं लेकिन थोड़ी सी कीमत वाली मस्तिष्क ज्वर की दवाई हमारी प्रदेश सरकार उपलब्ध नहीं करा पायी। नतीजा यह हुआ कि इसके कई बच्चे और बूढ़े शिकार हो गए। ऐसी कई और बीमारियां हैं। हमने कोशिश की है कि मलेरिया खत्म हो जाए। मलेरिया खत्म करने के लिए हमने मच्छर मारने का अभियान चलाया लेकिन मलेरिया खत्म नहीं हुआ और मच्छर वैसे ही बने रहे। इस अभियान से अच्छे नतीजे नहीं निकले। कभी-कभी देखने में आता है कि हम जिस चीज का निराकरण करना चाहते हैं, वह चीज हमारी उस सोच और अभियान से कारगर, सफल नही हुई। इसमें हमारी कमी है या उपचार में कमी है। मेरी गुजारिश है कि भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि गावों में जो असमर्थ लोग हैं, जो गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं, आपने गरीबी रेखा का एक मापदंड बनाया है, जिसे बीपीएल कहते हैं, उनके लिए हरे कार्ड जारी किए हैं, उन्हें राशन और दवाइयों की सुविधा देने की बात कही गई है लेकिन अभी तक बिलो पावर्टी लाइन रहने वाले लोगों को दवाइयों की कोई सुविधा नहीं मिली है। गांवों के अस्पतालों में कोई सामान की व्यवस्था नहीं है। सामान छोड़ दीजिए, डॉक्टर भी नहीं हैं।

आप जानते हैं कि छोटी सी दुर्घटना होने पर आदमी को फ्रैक्चर हो जाता है और हाथ-पैर टूट जाते हैं। झगड़े बहुत होते हैं, उसमें हाथ-पैर टूटते हैं। उन्हें छोटे-

छोटे मामलों में मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए दूर जाना पड़ता है। फ्रैक्चर होने पर एक्सरे के लिए सौ किलोमीटर दूर जिलों में जाना पड़ता है। एक तरफ आदमी शरीर से अपंग होता है और दूसरी तरफ उसे सौ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बहुत से विकलांग लोगों को अपनी विकलांगता की सुविधा लेने के लिए सर्टिफिकेट देना पड़ता है। उसके लिये उसे जिले में जाना पड़ता है। हम लोग अंधे-लूले-लंगड़े को मैडिकल सर्टिफिकेट देने के लिये 100 किलोमीटर की कसरत कराते है, गांव का डाक्टर ऐसा सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकता है। आप सोच सकते हैं कि इतने बड़े हिन्दुस्तान के अंदर एक अपाहिज-अंधे-लूले-लंगडे आदमी को देश में 100 किलोमीटर जाना होगा, जबकि उसके पास न पैसा है और न जाने का साधन है। उन लोगों की हालत कितनी जर्जर और दयनीय है। इसके अलावा हार्ट अटैक जैसी घातक बीमारी में, या किडनी खराब हो गई या लीवर खराब हो गया या कुछ और गड़बड़ियां हो गई, इसकी वजह से उस व्यक्ति की दो-चार घंटों मे जान जोखिम में पड़ जाती है। ऐसी बीमारी से लोगों को बचाने के लिये अस्पताल पहुंचने में कितना समय लगता है, आप सोच सकते हैं।

स्वास्थ्य सेवायें हमारे देश के लिये आवश्यक हैं। जहां हमें रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता है, वहीं हमें दवा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिये। जिस देश में गरीब, कमजोर ,असमर्थ और अभावग्रस्त व्यक्ति के लिये बेसिक गारंटी नहीं है, उस देश की जनता ऊपर नहीं उठ सकती। वह शिक्षा या अन्य किसी क्षेत्र में तरक्की नहीं कर सकती। इसलिये स्वास्थ्य सेवायें हमारे

लिये मौलिक आवश्यकता है। ये सेवायें तभी मिल सकती हैं, जब ये सेवायें सरकार के हाथ में हों।

सभापति जी, आज सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण कर रही है। अगर अस्पतालों का निजीकरण हो जायगा, तो गरीबों को कहां से दवा मिलेगी? निजीकरण किये गये अस्पतालों में दवायें इतनी महंगी होंगी, जिसका आप मूल्यांकन कर सकते हैं। आज दिल्ली में बड़े बड़े निजी अस्पताल हैं, जैसे अपोलो अस्पताल में इलाज कराने के लिये लाखों रुपये लगते हैं। हालत यह है कि गरीब लोग अपनी किडनी ट्रंसप्लांटेशन के लिये प्रधान मत्री जी को दरखास्त देते हैं। हम लोग भी प्रधान मंत्री जी से गुज़ारिश करते हैं कि फलां व्यक्ति प्राण-घातक बीमारी का इलाज कराने में असमर्थ है, इसे प्रधानमंत्री कोष में से धन देकर प्राण रक्षा करने के लिये मदद दी जाये। इस तरह आप सोच सकते हैं कि जब अस्पतालों का निजीकरण हो जायेगा, तो देश में 40 प्रतिशत से अधिक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का इलाज कहां से होगा, आप उसका स्वास्थ्य कैसे बना सकते हैं?

सभापति जी, यहां जो बिल लाया गया है, यह संविधान में संशोधन करने लायक बिल है। लोगों को ऐसा मौलिक अधिकार मिले, सरकार के ऊपर ऐसी बाध्यता हो कि वह लोगों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराये। यह मौलिक आवश्यकता है, जिसके निदान के लिये सरकार कटिबद्ध है और इसका प्रोवीजन संविधान में करना चाहिये। हम महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते रहते हैं। हमारे देश में डाक्टर्स बेकार हैं। अगर आप 'वांटेड' कालम में डाक्टर्स ढूंढना

चाहें, तो आपके पास हज़ारों दरखास्तें आयेंगी। एक तरफ डाक्टर्स बेरोज़गार हैं, तो दूसरी तरफ अस्पतालों में डाक्टर्स नहीं हैं। एक तरफ कब्र में पैर लटकाये लोगों को दवा देने के लिये सरकार के पास तमाम इंतज़ामात हैं, तो दूसरी तरफ बच्चों के लिये कोई दवा की व्यवस्था नहीं है। हमारे देश के कई डाक्टर्स विदेशों में अच्छी कमायी के लिये जा रहे हैं। विदेशों में हमारे देश के डाक्टर्स वहां के डाक्टर्स के मुकाबले अपनी काबलियत के लिये मशहूर हैं, चाहे वह अमरीका हो या इंग्लैंड हो। लेकिन हिन्दुस्तान के इंसान उस काबलियत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं, क्योकि हिन्दुस्तान की सरकार इस लायक नहीं है कि उन डाक्टरों को अपने यहां समायोजित करके लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे सके। आज भारत सरकार के सामने एक गम्भीर चुनौती है और इस संविधान संशोधन के जरिये जो प्रस्ताव लाया गया है, वह केवल संसद में बोलने या चर्चा करने के लिए नहीं लाया गया है, बल्कि भारत सरकार पर इस प्रस्ताव के ऊपर गंभीर चिंतन करने की जिम्मेदारी है। भारत सरकार को सोचना चाहिए कि हमारे देश में 45 से 50 परसेन्ट जो लोग इन सुविधाओं से वंचित हैं, जो इन सुविधाओं का लाभ लेने में असमर्थ हैं, जिनके लिए इन सुविधाओं की उपलब्धता नहीं है, उनके लिए इस सुविधा को कैसे बहाल किया जाए।

17.12 hrs. (Shri Giridhar Gamang in the Chair)

देश के असमर्थ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उपलब्ध कराई जाएं तथा सारे लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें, इसकी पूर्ण व्यवस्था की जाए। आज

सदन में माननीय सदस्य, श्री सुधाकर रेड्डी जी ने जो संविधान संशोधन विधेयक रखा है, वह एक बहुत अच्छा प्रस्ताव है। इस बारे में मैं आपसे गुजारिश करूंगा कि भारत सरकार को किसी न किसी प्रकार से इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहिए और सदन को आश्वस्त करना चाहिए कि ऐसे गम्भीर और बेसिक सवाल पर भारत सरकार निश्चित रूप से कोई कदम उठा रही है। मैं समझता हूं कि सरकार देश के लोगों में एक विश्वास पैदा करेगी कि देश के समस्त नागरिकों को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, thank you for giving me an opportunity to support this Bill for an amendment to our Constitution.

When our Constitution was enacted, there were provisions for two types of Fundamental Rights - one for justiciable Fundamental Rights and another for non-justiciable Fundamental Rights. Freedom of speech, as per Article 19, is a justiciable Fundamental Right. Whenever there is an infringement on the right of speech, a person could seek remedy through a court of law. So, that is the provision.

The right with regard to education, health, etc., has been included in the Directive Principles of State Policy under Chapter IV. Though they are fundamental rights, the aim of the State is to make them essential so far as the citizen is concerned. Moreover, we all know that the United Nations has declared that there should be 'Health for All'.

In matters of health, our position is very much deplorable when compared with the developed countries. The situation is very alarming that we are far behind them in every respect, particularly in rural areas.

After the enforcement of the three-tier system or the *panchayati raj* system, it has become much more necessary for having a hospital within each *panchayat*

because nowadays the primary health centres are under the administrative control of block *panchayats* and district hospitals come within the purview of district *panchayats* but the *gram panchayats* do not get administrative control because the primary health centres function beyond the area of a singular *panchayat*. They would be catering to two or three *panchayats*. Hence, the control would be with the block *panchayat.* That is the position. So, when we take into consideration the decentralisation of powers, it is only just and proper that we should have decentralisation in the matter of public health also. So, it is quite pertinent that we must have a primary health centre in every village.

Nowadays, as we all know, treatment is very costly and public health has become a costly affair.

If a citizen has to get speedy and effective treatment he will have to approach the private hospitals. The private hospitals conduct themselves as an industry. So, health has become an industry so far as the present condition is concerned. It is a very sorry state of affairs. We find mushrooming development of hospitals in the private sector which are charging thousands and thousands of rupees even for treating a normal disease. For treating the serious and abnormal diseases the position is entirely different.

Considering the expensive nature as well as the lack of facilities in Government hospitals, the poor citizens in the rural areas are put to difficulties. We will have to think over of decentralising the health matter. The United Nations have declared 'Health for all' long before. But in the matter of giving health facility to the poor rural folk in India, the position is far, far below the standards.

Today we had a discussion in the morning about the child welfare. There it was pointedly brought out about the condition of the children. The infant mortality is highest in the world so far as India is concerned, barring Kerala State where the figure is less than that prevalent in the developed countries. But taking the all

India figures, the infant mortality is the highest and it is a deplorable situation and there is no justification for such a state of affairs in our country.

In order to mitigate these difficulties in regard to health sector, it is quite essential and most justifiable to have a primary health centre in every village. Moreover, this can be achieved not by putting the health in the Directive Principles of State Policy but it has to be made a justiciable fundamental right. We should have it that every village should have a primary health centre. It cannot be just a part of Directive Principles of State Policy. It has been a part of the Directive Principles of State Policy for the last half-a-century when the Constitution came into effect. It was more than 50 years ago. We have celebrated the golden jubilee of our Constitution. But even after 50 years we could not achieve this goal though it was enunciated in the Directive Principles of State Policy that 'health for all' is our goal. But we could not achieve the goal. It will take another 50 years if things go on like this to provide health facilities in each and every village.

So, to make the position better and clear and statutorily binding, I would suggest that it must be included as a justiciable fundamental right. With that objective in mind, my learned friend introduced this Bill for having primary health centre in every village. Even the conditions of the existing primary health centres are also very deplorable. It will close exactly at one o' clock. Thereafter there will be no doctor available and there will be no dispensation of medicine. Nothing will be available. It will be a closed affair so far as our present primary health centres are concerned after one o' clock.

So, developing the health centres is the need of the hour. We should have all facilities of treatment in these centres and there should be 24-hour treatment. We cannot predict whenever any disease will affect the people which may occur at any time. The facility should be there. The services of a doctor should be available throughout the day and not as it is there at present. As I said, at present by one o' clock the doctor will close the shop and go. That should not be the position. There

should be a doctor available for treatment throughout the day for the benefit of the rural folk.

By developing the present system, the primary health centres will have to be developed giving them much more infrastructure development. At the same time, it should be made compulsory that every village should have a primary health centre.

With these words, I strongly support the Bill moved by Shri Suravaram Sudhakara Reddy.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : माननीय सभापति महोदय, श्री सुधाकर रेड्डी जी द्वारा प्रस्तुत संविधान संशोधन विधेयक 2004, जो भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए लाया गया है, उसका मैं पुरजोर समर्थन करता हूं। राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 46 के अंदर लोक स्वास्थ्य के बारे में सरकार और राज्यों का जो कर्तव्य बताया गया है, मुझे बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि उन कर्तव्यों की, राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों की सर्वथा अवहेलना की गई है और उन्हें उदासीनता की दृष्टि से देखा गया है, चाहे नशाबंदी का मामला हो, चाहे शिक्षा का मामला हो, चाहे स्वास्थ्य का मामला हो। इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि जिस तरह से शिक्षा को मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है, उसी तरह से स्वास्थ्य के अधिकार को भी मौलिक अधिकारों के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए। भारत गांवों का देश है, लेकिन गांवों में रहने वाले करोड़ों लोग स्वास्थ्य की सेवाओं से वंचित हैं। वे कम से कम प्रारंभिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो सकें, ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए। इसलिए इसमें कहा गया है कि आधारभूत ढांचे सहित प्राथमिक स्वास्थ्य

केंद्र हर एक ग्राम पंचायत और हर गांव के अंदर स्थापित हों, मैं इसका पुरजोर समर्थन करता हूं। हमारे यहां शास्त्रों में कहा गया है कि -

"पश्येम शरदः शतम्,
जीवेम शरदः शतम्,
श्रृणुयाम शरदः शतम्।
प्रबवाम शरदः शतम्,
श्रदीनास्याम शरदः शतम्"।।

अर्थात् हम सौ साल तक जिएं, सौ साल तक सुनें, सौ साल तक देखें और सौ साल तक किसी के अधीन होकर न जिएं। हमारी संस्कृति कहती है कि " सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुखभाग्भवेत्" अर्थात् सब लोग रोग रहित हों, किसी को किसी प्रकार की बीमारी न हो, सब सुख का अनुभव करें। हमारे शास्त्रों में और हमारी संस्कृति में कल्पना की गई थी और कहा गया था कि आरोग्यं परमं धर्म - स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। हम सामान्यतः कह देते हैं कि हेल्थ इज वेल्थ। गांवों के अंदर कहावत है कि पहला सुख निरोगी काया फिर दूसरा सुख घर में माया। माया बाद में, पहले काया, नहीं तो कुछ काम नहीं आया। "शरीरमाद्य खलु धर्मसाधनं" कर्तव्य पालन का पहला साधन शरीर है, इसलिए उत्तम स्वास्थ्य, उत्तम नागरिक। नागरिक उत्तम कब होगा, जब स्वस्थ शरीर के अंदर स्वस्थ दिमाग होगा। जब तन और दिमाग ठीक होगा, तब सारे देश का वातावरण भी ठीक होगा।

मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज चिकित्सा सुविधा केवल शहरी बनकर रह गयी है, अमीरों की सेवा बनकर रह गयी है। "माया से माया मिले,

कर-कर लंबे हाथ, तुलसी हाय गरीब की पूछे नहीं कोई बात।" गरीब बेचारा शहरों के अंदर मंहगे-मंहगे अस्पतालों के अंदर इलाज नहीं करा पाता है। गांवों के अंदर झोलाछाप डाक्टर होते हैं। उन्हें आरएमपी, एलएमपी डाक्टरों के भरोसे छोड़ दिया गया है। भारत सरकार करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करके यहां डाक्टरों को तैयार करती है। हमारे बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा मेडिकल चिकित्सा के ऊपर खर्च होता है। यहां के डाक्टर पढ़ने, लिखने के बाद अमरीका और इंग्लैंड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और नाम कमा रहे हैं, लेकिन दिया तले अंधेरा है। भारत उनकी सेवाओं से वंचित है। यहां का डाक्टर सिर्फ शहरों के अंदर रहना चाहता है। वह प्राइवेट प्रेक्टिस प्रारंभ करने का शौकीन है, लेकिन गांव के अंदर ड्यूटी लगा दी जाए, तो वहां नहीं जाता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि कम से कम यह नियम तो बना दिया जाए कि झोलाछाप डाक्टरों के ऊपर गांवों में अंकुश लगा दिया जाए। आज गांवों का आदमी अंधविश्वास का शिकार हो कर अशिक्षा और अज्ञानता के कारण झाड़फूक, ओझा, गंडे, ताबीज आदि चीजों का शिकार होता रहता है और परिणामस्वरूप जब हालत खराब हो जाती है तो हम लोगों के पास आता है कि जयपुर में चिट्ठी लिख दो, दिल्ली में चिट्ठी लिख दो, हमें बड़े अस्पताल में भर्ती करा दो। इसलिए गांव के उन आरएमपी, एलएमपी या झोलाछाप डाक्टरों से उन्हें छुटकारा मिलना चाहिए क्योंकि नीम हकीम खतरा-ए-जान होता है। नकली दवाइयों का भी बहुत खतरा है। हम शहर वाले तो पढ़ने के कारण जानते हैं कि एक्सपाइरी डेट क्या होती है, कौन सी Eंपनी की दवाई है, लेकिन गांव के बेचारे आदमी को तारीख निकली हुई दवाई भी बेच दी जाती है।

वह समझता है कि दवाई खा ली है, बीमारी ठीक हो जाएगी। सुइयां भी लगवाता है, गोलियां भी खाता है, लेकिन वह समझ नहीं पाता है कि फायदा क्यों नहीं हो रहा है। यहां नकली दवाइयों का बहुत बड़ा व्यापार चल रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि नकली दवाइयों को रोक कर, गांवों के लोगों के स्वास्थ्य की, जीवन की रक्षा की जाए। झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए, जिनके पास कोई डिग्री नहीं होती है, कोई मान्यता प्राप्त डिप्लोमा नहीं होता है, कोई कोर्स नहीं किया होता है, लेकिन बड़े-बड़े बोर्ड लगा कर एलोपेथी से इलाज करते हैं।

मान्यवर, मैं तीसरी चीज कहूंगा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंचायत स्तर पर स्थापित होने चाहिए। हो सकता है कि एलोपैथी के अनुसार हमारे पास इतनी महंगी दवाएं उपलब्ध न हों, एक्स-रे मशीन उपलब्ध न हो, लेकिन हमारी जो दूसरी चिकित्सा प्रणालियां हैं, जैसे आयुर्वेद और होम्योपैथ है, उन प्रणालियों के माध्यम से ग्रामवासी चिकित्सा करा सकें, नाड़ी देखने वाले वैद्य, नाड़ी देखकर, लक्षणों के आधार पर देशी औषधियों और जड़ी-बूटियों के माध्यम से इलाज कर सकें, जिसमें खर्च भी कम होगा। हमारी देशी चिकित्सा प्रणालियां बहुत सी हैं, जैसे-आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, प्राकृतिक चिकित्सा, योग चिकित्सा। ये चिकित्सा प्रणालियां सुगम भी हैं, सस्ती भी हैं और असरकारक भी हैं। विद्वानों का कहना है कि "शहर की 100 दवा और गांव की एक हवा, पानी और पुष्टिकारक अनाज, बराबर हैं।"

महोदय, पहले गांवों में शुद्ध हवा और पानी मिलता था, लेकिन अब तो यूरिया खाद ने गांवों की हवा एवं पानी को प्रदूषित कर दिया है तथा अनाज भी कम पुष्टिकारक पैदा होने लगा है। ग्रामों में अशिक्षा के कारण अस्वास्थ्यकर वातावरण पैदा हो गया और परिणाम स्वरूप नाना प्रकार की बीमारियां होने लगी हैं। एक कहावत भी है कि-

"श्वानों को मिलता दूध
बालक भूखे अकुलाते हैं
मां की छाती से चिपक कर
सिसक-सिसक रह जाते हैं। "

इसके कारण देश के बच्चे भी एनीमिया के शिकार हो रहे हैं और माताएं भी एनीमिया की शिकार हो रही हैं। इलाज इतना महंगा होता जा रहा है कि आदमी इलाज करा नहीं पाता है और आबादी सुरसा के मुंह की तरह दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही हैं। इसलिए मेरी आपके माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से प्रार्थना है कि प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र की व्यवस्था मौलिक अधिकारों में सम्मिलित की जाए। जिस प्रकार यह निश्चित किया गया है कि इतनी आबादी के ऊपर एक प्राथमिक शिक्षा केन्द्र होगा, उसी प्रकार से संविधान के मूलभूत अधिकारों में इसे शामिल किया जाए कि इतनी आबादी के ऊपर एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र होगा।

महोदय, आज देश में हालत यह है कि कहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं हैं, कहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं हैं और कहीं रैफरल अस्पताल नहीं हैं।

गांवों में जहां ऐसे केन्द्र हैं, वहां बिल्डिंग नहीं हैं, जहां बिल्डिंग हैं, वहां डाक्टर नहीं हैं, जहां डॉक्टर हैं, वहां दवाएं नहीं हैं, जहां दवाएं हैं, वहां नर्स नहीं हैं, जहां नर्स हैं, वहां कंपाउंडर नहीं हैं, जहां कंपाउंडर हैं वहां मिड-वाइफ नहीं हैं और रात में तो गांवों में चिकित्सा की कोई व्यवस्था है ही नहीं। यही कारण है कि गांवों के लोग अकस्मात काल के गाल में समा जाते हैं। परिणाम स्वरूप ग्रामवासियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

महोदय, जब राजनारायण जी स्वास्थ्य मंत्री थे, तब वर्ष 2000 तक सबको स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। मैं राजनीति में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन वास्तविकता यह है कि हमने सिर्फ वह सोचा, काश उस तरफ कुछ प्रयास भी किया होता, तो वह सपना अब तक साकार हो गया होता।

महोदय, श्री सुरवरम सुधाकर रेड्डी जी द्वारा जो संविधान (संशोधन) विधेयक, 2004 सदन में प्रस्तुत किया गया है, मैं परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि इसे स्वीकार किया जाए, इसमें की गई व्यवस्था के अनुसार प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खुलें और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। गांवों के आदमियों को गांवों में ही चिकित्सा की सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्हें चिकित्सा कराने के लिए शहरों में न आना पड़े क्योंकि यहां रहने की समस्या, पीने के पानी की समस्या, महंगी दवाओं की समस्या है, जिसके कारण गावों के लोगों को शहरों में लोगों के आगे हाथ फैलाना पड़ता है और फिर भी इलाज नहीं होता और उन्हें मौत के मुंह में जाना पड़ता है। अभी हमारे एक साथी ने कहा कि क्योर करने से अच्छा है कि प्रिवेंशन किया जाए। इलाज कराने से अच्छा है कि ध्यान रखा जाए

ताकि बीमारी हो ही नहीं। यह बात बिलकुल ठीक है, लेकिन हम इस दिशा में भी कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप बीमारियां बढ़ती जा रही हैं।

महोदय, आयुर्वेद के अंदर एक कथा आती है। मैं उसे सुनाना चाहता हूं। इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। मैं उसे केवल एक मिनट में संक्षेप में सुनाता हूं। आयुर्वेद के जनक महर्षि चरक ने आयुर्वेद चिकित्सा पर एक बहुत वृहद ग्रंथ लिखा। उन्होंने परीक्षा लेनी चाही कि कौन आयुर्वेद के सिद्धान्तों का पालन कर रहा है और कौन नहीं। उन्होंने पक्षी रूप धारण कर, देश की रसायनशालाओं और औषधशालाओं का भ्रमण किया। जहां आयुर्वेद दवाएं बन रही थीं वहां वे पक्षी रूप में पहुंच कर बोले- कडरुक - यानी कौन रोगी नहीं, कौन रोगी नहीं, कौन रोगी नहीं। वहां उपस्थित वैद्यों में से किसी ने किसी औषधि का नाम लिया, किसी ने प्रवाल पिष्टी का नाम लिया, किसी ने किसी रसायन का नाम लिया और किसी ने किसी भस्म का नाम लिया कि इन्हें लेने वाला रोगी नहीं। महर्षि चरक को बहुत दुख हुआ कि मेरी इतने वर्षों की मेहनत को ये समझ नहीं पाए। वह दुखी मन से च्यवन ऋषि के पास गए। ये वही ऋषि हैं जिन्हें च्यवनप्राश का आविष्कर्ता माना जाता है, जिनके नाम पर च्यवनप्राश प्रसिद्ध हुआ और आज भी बाजार में बिक रहा है। पक्षी ने कहा- कडरुक अर्थात् कौन रोगी नहीं, कौन रोगी नहीं, कौन रोगी नहीं ? च्यवन ऋषि ने कहा कि ऋत-भुक, हित-भुक, मित भुक - ऋत भुक, यानी जो मनुष्य सच्चाई पर चलने वाला, श्रम से अपना खून-पसीना बहाने वाला, श्रम करके कमाकर खाने वाला है, वह रोगी नहीं है, हित-भुक, यानी जो हितकारी और

स्वास्थ्यवर्धक आहार लेता है, अर्थात् जो पूर्ण संतुलित भोजन करता है जिसमें प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट हों, साल्ट हो, वह रोगी नहीं है।

मित-भुक यानी कम खाने वाला, कम खाने वाला कभी बीमार नहीं पड़ता। हम बचपन में जब गांव में पढ़ते थे, उस समय हमारे मास्टर जी हमें बताते थे कि "भोजन आधा पेट कर, दुगुना पानी पीत तिगुनी हंसी, चौगुना श्रम, वर्ष सवा सौ जीव" उन्होंने सवा सौ वर्ष जीने का नुस्खा दे दिया था। जितनी भूख हो, उससे थोड़ा कम भोजन, दुगुना पानी पी, शरीर में 58 परसैंट वाटर है, तिगुनी हंसी हंसी, प्रसन्नता, खुशी, स्माइलिंग और चौगुना श्रम, मेहनत, फिजिकल लेबर, मेनुअल लेबर कर और वर्ष सवा सौ जी, - ऐसा हमारी संस्कृति में कहा जाता था। इन बातों की शिक्षा भी प्राथमिक केन्द्र के माध्यम से दी जानी चाहिए। ताकि लोग एजूकेट भी हों, लोगों को औषधियां भी मिलें, सुविधाएं भी मिलें, वहां डाक्टर भी रहें, लोगों का शोषण भी न हो तथा उन्हें नकली दवाइयों से नुकसान न हो। आयुर्वेदिक, प्राकृतिक या योगिक चिकित्सा कम से कम सहज सुलभ हो, उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं श्री सुधाकर रेड्डी साहब का शुक्रिया अदा करता हूं कि वे गरीबों के लिए, देश की करोड़ों-करोड़ जनता, जो गांवों में रहती है, मैं उनके लिए कहता हूं - "दीन सबको लखत है, दीनहि लखै न कोय, जो रहीम दीन को लखै, दीन बन्धु सम होये।" - गरीब सब की तरफ देखता है, दीन सब को लखत है, दीनहि लखै न कोय, गरीब की और कोई नहीं देखता, जो रहीम दीन को लखै, रहीम जी कहते हैं कि जो गरीब की और देखता है, दीन बन्धु सम होये, वह

दीन बंधु परमात्मा, ईश्वर के समान होता है। मैं समझता हूं कि वह बड़ी अच्छी भावना के साथ संविधान (संशोधन) का जो बिल लाए हैं, नीति निदेशक तत्वों के अंदर जो परिवर्तन होना चाहिए, उसमें नया प्रावधान जोड़ा जाना चाहिए, मैं इसका समर्थन करता हूं और इसके पीछे जो भावना है कि गांवों में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध हो, वह अवश्य होनी चाहिए ताकि वे राम भरोसे न रहें, अपितु स्वतंत्र भारत में, लोकतंत्र के शक्तिशाली भारत के अंग बन कर, राष्ट्र के उपयोगी नागरिक बन कर, भारत माता के सच्चे सपूत बनकर देश की सेवा करने के लायक बन सकें।

श्रीमती कृष्णा तीरथ (करोल बाग) : सभापति महोदय, संसद में श्री एस. सुधाकर रेड्डी द्वारा जो विधेयक रखा गया है - संविधान (संशोधन) विधेयक, 2004 - मैं इस बिल के पक्ष में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं, क्योंकि भारत एक गरीब और कृषि प्रधान देश है। जैसा सभी माननीय सदस्यों ने कहा है कि 70-75 प्रतिशत देश की जनसंख्या गांवों में रहती है, शहरों की मलीन बस्तियों में भी रहती है, लेकिन उनके स्वास्थ्य के लिए वहां कोई स्वास्थ्य सेंटर पूरी तरह से नहीं है, और जहां है वहां दवाइयां नहीं हैं, डाक्टर नहीं हैं, स्पेशलिस्ट नहीं हैं, एक्सरे सेंटर नहीं हैं, ब्लड टैस्ट करने के लिए या यूरीन टेस्ट करने की लैब नहीं है। इन सब चीजों का होना आवश्यक है, तभी हम सोच सकते हैं कि भारत, जो विकासशील देश है, जिसने अभी विकसित होना है और दिन-प्रति-दिन विकास करने के लिए स्वस्थ् रहना अतिआवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य ही हमारा धन है। कहते हैं कि "हैल्थ इज़ वेल्थ" - इसके आधार पर यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो अपने देश को प्रगतिशील

बना सकते हैं। अपने आपको स्वस्थ रखना अति आवश्यक है - लेकिन रोग का कुछ पता नहीं कि किस व्यक्ति के पास चला आए। रोग न अमीर देखता है और न ही गरीब देखता है, न गांवों को देखता है और न ही शहरों को देखता है। बड़े-बड़े शहरों में बड़े-बड़े अस्पताल हैं, परन्तु इस प्रजातांत्रिक देश की जो केन्द्र सरकार है, यहां जो बिल लाया गया है कि हमें गांवों में हैल्थ सेंटर बनाने चाहिए और आम लोगों को स्वस्थ रखने के लिए वहां पूरी मेडीसिन हो, उनके टैस्ट किए जाएं, उन्हें बताया जाए कि किस तरह से हमारे शरीर को पौष्टिक आहार की जरूरत है, प्रोटीन, केल्शियम, आयरन आदि की जरूरत है, इन सब चीजों की सबसे अहम् भूमिका है। हमारे देश का बच्चा-बच्चा स्वस्थ् हो, इसमें अहम् भूमिका स्त्री की होती है। जो स्त्री मां बनने वाली है और स्वस्थ स्त्री स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है और फिर जो मां स्वस्थ रहेगी, वह स्वस्थ बच्चे को जन्म देगी। मां का दूध अमृत के समान है, इसलिए मां का स्वस्थ होना बहुत ही जरूरी है। आज बहुत सारी चीजें सामने आई हैं कि मां का दूध पीने से बच्चा कैंसर जैसे रोग से भी मुकाबला कर सकता है। यह पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व ने इस बात को माना है। आज हमारे गांवों में जो अशिक्षित महिलाएं हैं, उन्हें अपने जीवन को, अपने शरीर को निरोगी रखने के लिए क्या खाना चाहिए, इस बात के लिए भी शिक्षा नहीं है।

शिक्षा में यह जो स्वास्थ्य सैण्टर्स के लिए बात हुई है, इसमें बहुत सारी चीजें जुड़ी हुई हैं। हमें शिक्षा भी देनी है, हमें वहां पानी का इन्तजाम भी करना है, जिससे कई बीमारियां न हों और वातावरण शुद्ध हो। वहां प्लाण्ट्स भी होने चाहिए,

कंक्रीट जंगल भी गांवों में ऐसा न हो कि हम लोग वहां फैक्टरीज़ और इण्डस्ट्रीज़ बनाते चले जायें और गांवों का स्वरूप ही बिगड़ जाये। ऐसे प्राइमरी हैल्थ सैण्टर्स छोटे-छोटे गांवों में और शहरों में भी मलिन बस्तियों में होने आवश्यक हैं। जहां गरीबी है, लोग अपने आप दवाइयां नहीं ले सकते हैं, वहां सरकार को चाहिए कि इन जगहों पर प्राइमरी हैल्थ सैण्टर्स खोलकर विशेषकर गांवों की गरीब, दलित और मलिन बस्तियों में अच्छे डाक्टर्स का इन्तजाम किया जाये और वहां दवाइयां दी जायें। वहां जितनी भी फैसिलिटीज़ हैं, वे दी जायें। जैसा मैंने पहले कहा कि एक्स-रे करने की फैसिलिटी है, लैब है, जिसमें हर तरह के टैस्ट किये जायें, ब्लड टैस्ट किये जा सकें, यह देखा जा सके कि डायग्नोज़ ठीक होकर बीमारी क्या है, उसके लिए दवाइयां क्या देनी हैं।

एक और समस्या सामने आती है कि गांवों में कोई डाक्टर जाने के लिए तैयार नहीं है। हमें यह कम्पलसरी कर देना चाहिए कि तीन साल तक डाक्टर्स को गांवों में ड्यूटी देनी अत्यावश्यक है। एक और चीज हमें करनी चाहिए, जैसा मेरे अन्य साथियों ने कहा कि हमारे यहां डाक्टर्स तैयार करते हैं, जिनकी पढ़ाई पर पूरे भारत का करोड़ों रुपया लगता है, लेकिन उसके बाद वह भारत में न रहकर विदेशों में चला जाता है, क्योंकि उसे लगता है कि वहां ज्यादा पैसा मिलता है। लेकिन उसके अन्दर जो देश के प्रति भावना है, न जाने क्यों वह उससे विमुख होकर बाहर जाकर अपना रोजगार ढूंढता है। मेरा इसके ऊपर भी सरकार के मंत्री जी से आग्रह हे कि ऐसे समय में डाक्टर्स से पक्का बॉण्ड भराना चाहिए कि वह इतने समय हमारे गांवों में काम करेगा, उसके बाद बड़े शहरों में किसी डिस्पेंसरी

में या अस्पताल में उसे ड्यूटी देनी होगी और उसके लिए जो बेसिक फैसिलिटीज़ उसे चाहिए, वे हमें पूरी देनी पड़ेंगी। चाहे उसके रहने के लिए घर हो और बाकी फैसिलिटीज़ हों।

इसी तरह जो देश भर में हमारी महिलाएं हैं, मैंने पहले ही कहा कि उनको स्वस्थ रखना जरूरी है। हमारे देश में आंगनबाड़ियां चलती हैं, जो देश भर में लाखों की तादाद में हैं। लाखों की तादाद में वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काम करती हैं। वीकली या फोर्टनाइटली वहां गर्भवती महिलाओं का मैडीकल चैक अप करते हैं और उनको दवाइयां भी दी जाती हैं, आयरन की गोलियां भी दी जाती हैं, फोलिक एसिड दिया जाता है, प्रोटीन दिया जाता है, पौष्टिक आहार दिया जाता है। मेरा इसमें एक कहना यह है कि हमारा स्वास्थ्य मंत्रालय देखे कि यहां रैगुलर डाक्टर्स का इन्तजाम किया जाये, वहां दवाइयां दी जायें, पौष्टिक आहार तो हमारा स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ-साथ वैलफेयर डिपार्टमेंट भी देता है। उनको जो आहार चाहिए, वह पौष्टिक हो, उस आहार को देने की जिम्मेदारी हमारे वैलफेयर डिपार्टमेंट की है।

मुझे याद है कि यह आई.सी.डी.एस. प्रोग्राम जब चला था, हमारी राष्ट्र मां श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने सन् 1965 में आई.सी.डी.एस. स्कीम शुरू की थी, जिसके तहत हमने यह सोचा कि हमारे देश के बच्चे को पैदा करने वाली मां को पूरा आहार अगर दिया जाये तो देश में स्वस्थ बच्चा पैदा होगा।

स्वस्थ बच्चा देश का नागरिक बनकर इस देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाएगा तथा डॉक्टर, इंजीनियर और बड़े-बड़े पदों पर काम करेगा। देश को आगे बढ़ाने का सपना तभी पूरा होगा, जब उसे पूरा करने के लिए देश के बच्चे स्वस्थ रहेंगे। मेरा कहना है कि गांवों में प्राइमरी हेल्थ सैन्टर बनने चाहिए। वहां समय-समय पर जनरल पब्लिक के लिए भी प्रावधान होने चाहिए। वहां पूरा मेडिकल हैल्थ चैकअप होना चाहिए। बीमार आदमी अस्पताल आए, लेकिन ठीक होने के बाद, उसका स्वास्थ्य कैसा है, कैसा नहीं है, इसके लिए उसका रैगुलर मेडिकल चैकअप होना चाहिए और उसे मुफ्त दवाइयां दी जानी चाहिए। वहां डॉक्टरों का उचित प्रबन्ध होना चाहिए। वहां स्पैशलिस्ट डॉक्टर होने चाहिए। गांवों में जहां भी बिजली नहीं है, वहां जैनरेटर का इंतजाम होना चाहिए अथवा मोबाइल डिस्पैन्सरी वहां पर जानी चाहिए। वह वहां रोज़ जाए और सुबह से शाम तक वहां पर खड़ी हो। प्राइमरी हैल्थ सैन्टर में बिजली देने की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए। औद्योगिक क्षेत्रों में या जहां पर फैक्ट्रियां होती हैं, वहां पर प्राइमरी हैल्थ सैन्टर होने चाहिएं, क्योंकि उन एरियाज़ में जो मजदूर काम करते हैं, वे वहीं रहते हैं। उन हैल्थ सैन्टरों में एलौपैथिक ही नहीं, आयुर्वेदिक और युनानी दवाइयां भी दी जानी चाहिए, क्योंकि हमारे शरीर को कई बार अलग-अलग दवाइयां सूट करती है। किसी को आयुर्वेदिक सूट करती है, किसी को एलौपैथिक या किसी को यूनानी दवाई सूट करती है। यह सरकार को तय करना चाहिए कि सभी प्राइमरी सैन्टर्स में ये दवाइयां दी जाएं।

प्राइमरी हैल्थ केयर सैन्टर के साथ मेरा एक सुझाव और है। हमारे यहां ऐसे प्राइमरी हैल्थ केयर सैन्टर होने चाहिए जहां पर महिलाओं और बच्चों को एक्सरसाइज करवायी जा सके। उन्हें शारीरिक रूप से तन्दुरुस्त बनाने की जरूरत है। वे तन्दुरुस्त तभी होंगे जब उन्हें हर तरह की एक्सरसाइज करने की सुविधा हो।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का पुरजोर समर्थन करती हूं। सुधाकर रेड्डी जी द्वारा जो बिल लाया गया है, वह हमारे देश के लोगों की मदद करेगा और हमारे गांवों में हैल्थ सैन्टर खोले जा सकेंगे। मैं अपने सुझावों को जोड़ते हुए आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

श्री सुरेश वाघमारे (वर्धा) : सभापति महोदय, श्री सुधाकर रेड्डी द्वारा जो बिल लाया गया है, मैं इसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। देश की आजादी के 58 वर्षों के बाद भी प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला है। हर देशवासी को स्वास्थ्य लाभ मिलना चाहिए, यह उसका अधिकार है, लेकिन इतने दिनों बाद आज हम इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

पहली बात यह है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ मिलना चाहिए। हर गांव में एक डिस्पैन्सरी होनी चाहिए। लेकिन आज जो स्थिति है, उस स्थिति में ऐसा महसूस हो रहा है कि यह विधेयक लाने के बाद, संशोधन होने के बाद सरकार कितनी सुविधाएं उपलब्ध करा पाएगी, उसके बारे में मेरे मन में शंका है। आज क्या स्थिति है? इस बारे में सोचा जाए कि आम लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य क्यों नहीं मिल पाया है? इसके मूल में है स्वच्छता और पीने का स्वच्छ

पानी। यह दोनों बातें यदि इस देश में होतीं तो मूलतः प्राथमिक स्वास्थ्य के ऊपर चर्चा करने की यह नौबत नहीं आती। 58 साल के बाद भी हम गांवों में स्वच्छ पानी और सैनीटेशन नहीं दे सके, बल्कि मैं इसमें एक बात रास्तों की और जोड़ना चाहता हूं। गांवों में यदि हम स्वास्थ्य सुविधाएं देते हैं तो डाक्टरों और कर्मचारियों के लिए अच्छे रास्तों की सुविधा भी होनी चाहिए। आज की स्थिति में गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ रास्ते, पानी और बिजली - ये तीनों चीजें अत्यन्त आवश्यक हैं। आज की व्यवस्था ऐसी है कि जहां बिल्डिंग है वहां डाक्टर नहीं हैं, जहां बिल्डिंग और डाक्टर हैं, वहां दवाइयां नहीं हैं और जहां तीनों चीजें हैं, वहां पेशेंट नहीं हैं। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ हर गांव को अच्छे रास्ते देने का प्रावधान इसमें किया जाए, स्वच्छ पानी देने का प्रावधान किया जाए और यदि सैनीटेशन की पूरी व्यवस्था होती है, तभी हम सही पैमाने पर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं दे सकते हैं।

अभी श्रीमती कृष्णा तीरथ ने कहा कि बच्चों के लिए मां का दूध अत्यन्त आवश्यक है। हम दूध को अमृत कहते हैं, लेकिन आज की स्थिति इतनी खराब है कि बड़े पैमाने पर सिन्थैटिक दूध का प्रभाव देश के लोगों पर पड़ रहा है। आज गरीब व्यक्ति के लिए अच्छा दूध तक उपलब्ध नहीं है। आज देश में पानी 14 रुपये लीटर बिक रहा है, जबकि दूध 9 रुपये लीटर बिक रहा है - यह बड़ी अफसोसनाक स्थिति है। बच्चों का फूड मां का दूध है। उसके साथ ही गाय के दूध को भी अमृत माना जाए और उसे भी इस कार्यक्रम में जोड़ा जाए। यदि उसे ड्रग या सुविधा के साथ जोड़ते हैं, तो बेहतर स्थिति बन सकती है।

हम डाक्टरों के बारे में बहुत सी बातें कहते हैं कि वे परीक्षा पास करने के बाद इस देश में सुविधाएं नहीं देते। जब तक डाक्टरों का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा, तब तक वे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे देंगे। मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि मेरी कौन्स्टीटूंसी में एक पब्लिक हैल्थ सैंटर था, जिसमें दो डाक्टर थे, जो दूरदराज क्षेत्र में थे। मैं जब उनसे मिलने गया, तो वे कहने लगे कि यदि हम खुद ही बीमार पड़ गए तो शहर तक नहीं पहुंच सकते, मौत यहीं होना निश्चित है। इसका कारण वहां की असुविधा थी। वहां अच्छे रास्ते नहीं थे, पीएचसी में गाड़ी नहीं थी। जब डाक्टर ही नाखुश हैं, तो वे पेशेंट को कैसे सुविधा देंगे। स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने वाले स्टाफ का स्वास्थ्य भी अच्छा होना जरूरी है।

यहां घटिया स्तर की दवाइयों के बारे में चर्चा हुई। ऐसा देखने को मिलता है कि यदि कोई अधिकारी सौ दवाइयां अपनी फाइल में लिखता है, तो निचला अधिकारी उसमें से 40 दवाइयां काटकर उनकी जगह दूसरी दवाइयां कर देता है। जब फाइल और नीचे जाती है तो और दवाइयां काट दी जाती हैं, यानी यदि बड़े अधिकारी ने अच्छी कम्पनी की सौ दवाइयां रिकमैंड कीं, तो निचले अधिकारी तक जाते-जाते वे उतनी नहीं रह पातीं। इसलिए दवाइयों में जो करप्शन हो रहा है, उसमें सुधार होना बहुत आवश्यक है। इसी के साथ डाक्टरों की समस्याओं को समझना भी जरूरी है। आज स्थिति यह है कि हम डाक्टरों के नाम से चिल्लाते हैं कि वे अमरीका जाकर पैसा कमाते हैं, लेकिन आज भी ऐसे डाक्टर हैं जो दूर-

दराज क्षेत्रों में काम करते हैं। उन्हें शासन की तरफ से पूरी मदद मिलनी चाहिए, उनका मान-सम्मान होना चाहिए।

उनको यदि सही मान-सम्मान मिले, तो वे आज भी हमारे देश में काम कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में हमें इसमें एक बात और जोड़नी चाहिए कि मूलतः देश के हर नागरिक को सेवा और सुविधा उपलब्ध हो सके। हमारे महाराष्ट्र में एक प्रश्न कुपोषण का उपस्थिति हुआ। अब कुपोषण क्यों होता है और कुपोषण के कारण बालकों की मृत्यु क्यों होती है, इसका जब सर्वेक्षण कराया गया तब पता चला कि बच्चों को जो फूड मिलता है या उसकी मां को जो फूड मिलता है, वह सही नहीं मिलता जिसकी वजह से बच्चों को मौत के मुंह में जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में मां को अच्छा फूड मिले तो बच्चा अच्छा सुदृढ़ होगा। इसका मतलब यह है कि स्वास्थ्य के बारे में हमारी जो अवेयरनैंस है, हमारी खान-पान या प्राथमिक स्वास्थ्य की जो स्थिति है, उसमें हमें सुधार लाना चाहिए। खाली स्वास्थ्य में सुधार करके, इस देश का स्वास्थ्य ठीक होने वाला नहीं है क्योंकि बाकी जो सुविधाएं हैं, वे बहुत पुरानी हैं। मेरा कहना है कि अच्छे रास्ते हों, स्वच्छ पानी हो, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता हो, सेनीटेशन और बिजली आदि सभी चीजों को इसके साथ जोड़ा जाये, तो सही मायने में दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले हर नागरिक को सुविधा मिल सकेगी।

अंत में, श्री सुधाकर रेड्डी जी ने जो संशोधन विधेयक का प्रस्ताव रखा है, मैं उसका स्वागत करते हुए अपने शब्दों को विराम देता हूं।

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Ours is a big country. Our people should get good medical treatment. But many hospitals are not provided with latest equipments. For even a small blood test, doctors ask the patients to get the test done in some private hospital or private lab. I do not know why the Government hospital doctors are doing like this. Are they benefited in some way if the patients get these tests conducted outside the Government hospital?

Nowadays, only BPL family members are going to the Government hospitals. They cannot afford huge money to buy tablets or injections from outside. More so, they get adulterated or duplicate costly medicines from medical shops outside. Normally, the Government hospital stores are empty. X-Ray labs, Operation Theatres and scan centres should be kept under strict vigil and care. The poor citizens of the country should not be cheated.

In Chennai city Royapettah hospital, the operated parts of human beings are thrown into the dustbins. They are carried away by the street dogs. It may cause great health hazard. It has to be taken care of. I once visited Kodaikanal city hospital. That hospital was in dark. Even in the Operation Theatre no proper equipment were provided. The Operation Theatre was not in good condition. There was no proper drinking water facility. Poor people go to the Government hospitals, which lack in proper nursing care and proper doctors. If a pregnant lady goes to that hospital, the doctor will say that there is no gynaecologist so, better go to Madurai or Dindigul hospital. She will have to travel around 100 kms. from uphill to down hill. It has happened many times that half the way the pregnant lady gave birth to the baby. The patients have to travel for two to three hours from uphill to down hill.

The poor people cannot afford to pay huge bills of the big private hospitals. So, they go to the Government hospitals. If an ordinary person enters into a big hospital like Apollo for a knee pain, to extract money from him the doctors will

check his abdomen, chest, do ECG Scan and such other unwanted tests. They extract more money from average persons.

They are cheated by big hospitals. It should be checked and some norms should be followed to control them. The Government should monitor them regularly through a strict vigilance team. Otherwise, the poor people, middle class people, and BPL families will not be able to get any kind of medical treatment. For example, 10 days ago a poor middle class worker had met me. He told me that he took his young baby to the hospital. The baby was admitted in the hospital for three days. They charged about Rs.90,000. That person was having only Rs.10,000. He came to save his child from high fever. Unfortunately, the doctors at the Apollo Hospital conducted many unwanted tests and medical check ups. They prepared a very huge bill. On seeing that bill that man was literally in tears. बड़े हॉस्पिटल के बारे में बोलने के लिए मैं कहूंगा कि एनडीए के समय में जो कुमारमंगलम जी मंत्री थे, he also died in Apollo Hospital. अभी हमारे मित्र खारवेन्थन एम.पी. के निर्वाचन क्षेत्र से एक आदमी who was an advocate was admitted in Apollo Hospital. But he was not given proper post-operation care. With the result, he also died after six days क्योंकि पोस्ट ऑपरेशन केअर में जो अस्पताल दो लाख-चार लाख रुपया लेता है, वहां ठीक से केअर नहीं होती है और उसमें वह आदमी मर गया।

Therefore, I urge upon the hon. Minister of Health to take a serious view of such incidents to save the poor people from this kind of atrocity by the so called big and popular hospital like Apollo of Chennai. Better care should be given to the local poor people. If they go to the small hospitals in the villages, they do not get proper water. जो अस्पताल में पीने का पानी होता है वह गंदा पानी होता है। उस गंदे पानी को पीने से तबियत और खराब हो जाती है।

I would urge upon the hon. Minister to see all these things.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सुधाकर रेड्डी जी ने यहां ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जो संविधान में संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है, उसका मैं समर्थन करता हूं। गांवों का देश कहलाने वाले भारत देश के गांवों में रहने वाली जनता के प्रति श्री रेड्डी जी ने जो चिंता प्रकट की है, मैं उनके प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहना चाहूंगा कि हमारे देश में जो सात लाख से अधिक गांव हैं, उन गांवों में आजादी के 58 साल व्यतीत हो जाने के बाद भी हम पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पाए, यह हमारा बहुत बड़ा दुर्भाग्य है, वहां की जनता का यह दुर्भाग्य है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि शहरी नागरिक और गांव के नागरिक को दी जाने वाली सुविधाओं में अंतर है। इस अंतर को हमें कम करने की जरूरत है। आजादी के 58 साल के बाद भी हम इस अंतर को कम नहीं कर पाये हैं। शहरी लोगों को स्वास्थ्य की सारी सेवाएं उपलब्ध हैं लेकिन गांवों में रहने वाले लोगों को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलती हैं। हम महाराष्ट्र में रहते हैं। वहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। 25 कि.मी. अंतर पर दूसरा स्वास्थ्य केन्द्र है और इस वजह से सैकड़ों गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलती हैं। जहां पर रूरल हॉस्पिटल है और पीएचसी है, यहां पर जितने भी डॉक्टर्स नियुक्त किये जाते हैं, जितनी पोस्ट्स मंजूर होती हैं, उसके मुताबिक वहां डॉक्टर्स नहीं होते हैं। परिणाम यह होता है कि गांवों के लोगों को उचित चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। हर

गांव में स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए, यह सूचना जो यहां रखी गयी है, इसके माध्यम से गाव वालों को निश्चित रूप से सेवा मिलेगी और गांवों के लोगों को सेवा देना सरकार का परम धर्म है लेकिन दुर्भाग्य से आज तक ऐसा नहीं हुआ है।

18.00 hrs.

यहां मैं आपका ध्यान एक अन्य विषय की ओर दिलाना चाहूंगा। हमारे यहां जितने भी गांव हैं, उनमें बच्चों का कुपोषण होना एक आम बात हो गयी है। महाराष्ट्र में हमारी सरकार ने महाराष्ट्र में कुपोषित बच्चों की संख्या क्यों बढ़ गयी है, इसका अध्ययन करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति की थी। दुर्भाग्य से मुझे यह कहना पड़ रहा है कि वहां लाखों बच्चे कुपोषित हैं। अगर हम इसकी गहराई में जाकर सोचें तो हम पाते हैं कि उनकी माताएं जो बच्चों को जन्म देती हैं, उन्हें भी ठीक से आहार नहीं मिलता है। इसका परिणाम यह है कि उनके पेट में पल रहे बच्चे भी कुपोषित पैदा होते हैं। इन सारी बातों को देखें तो हम पाते हैं कि हमने गांव वालों के साथ न्याय नहीं किया है।

सभापति महोदय : छः बज गए हैं, इसे हम नेक्स्ट टाइम कांटीन्यु करेंगे।

अगर सदन की सहमति हो तो स्पेशल मेंशन्स लेने के लिए सदन का समय आधे धण्टे के लिए बढ़ा दिया जाए।

कुछ माननीय सदस्य : ठीक है।

सभापति महोदय : अब हम स्पेशल मेंशन्स लेंगे।